उत्तर प्रदेश में पाँच एक्सप्रेस-वे के किनारे 32 औद्योगिक शहरों का होगा निर्माण

चर्चा में क्यों?

7 अक्तूबर, 2023 को औद्योगिक विकास विभाग के प्रमुख सचिव अनिल सागर ने बताया कि उत्तर प्रदेश में पाँच एक्सप्रेस-वे के किनारे 32 औद्योगिक शहरों का नेटवर्क बनाया जाएगा।

प्रमुख बिंदु

- तीन एक्सप्रेस-वे के 23 ज़िलों की 23 तहसीलों के तहत आने वाले 84 गाँवों को औद्योगिक शहर के लिये अधिसूचित कर दिया गया है।
- उत्तर प्रदेश औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीडा) चिह्नित गाँवों में ज़मीन अधिग्रहण या खरीदने का काम करेगा।
- हर औद्योगिक शहर के लिये 100 एकड़ से 600 एकड़ तक की ज़मीन ली जाएगी। इसके बाद जल्दी ही आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे व गोरखपुर लिंक एक्सप्रेस-वे के किनारे औद्योगिक शहर के लिये गाँव अधिसूचित किये जाएंगे।
- इस तरह कुल औद्योगिक शहरों का नेटवर्क 32 ज़िलों तक फैला होगा। यहाँ बुनियादी सुविधाओं का विकास होगा। इसके बाद निवेशकों को अपने उद्योग लगाने के लिये मनपसंद लोकेशन पर प्लाट उपलब्ध कराए जाएंगे।
- पहले वेयरहाउस व लॉजिस्टिक उद्योगों को बढ़ावा दिया जाएगा। इन औद्योगिक शहरों में इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, होजरी, खाद्य प्रसंस्करण इकाइयाँ, रसायन, दुग्ध प्रसंस्करण, दवा, मशीनरी संयंत्र, आईटी, कृषि उपज आधारित इकाइयाँ लगाई जाएंगी।

// 

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/thirty-two-industrial-cities-will-be-constructed-along-five-expressways-in-uttar-pradesh